C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 7:06 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:13 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ




हार्दिक शुभकामनाएं

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 300 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 30 मई 2025

कभी डायलॉग भूल गए थे बाबू भैया...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### पत्रकारिता दिवस आज मीडिया प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी

**नैनीताल** । राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने हिन्दी पत्रकारिता दिवस (आज) के अवसर पर समस्त मीडिया प्रतिनिधियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की है। पूर्व संध्या में जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता ने न केवल स्वतंत्रता संग्राम की चेतना जगाईए बल्कि आज भी लोकतंत्र की मजबूती के लिए एक सजग प्रहरी की भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का क्षेत्र आज डिजिटल माध्यमों से और अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड जैसे पर्वतीय राज्य में पत्रकार अनेक विषम परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा से सूचना संप्रेषण का कार्य कर रहे हैं जो अत्यंत सराहनीय है। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि हिन्दी पत्रकारिता समाज में सकारात्मक परिवर्तन का वाहक बनती रहेगी और भावी पीढी को संवेदनशील तथा जिम्मेदार नागरिक बनाने में सहयोग करेगी।

### अजब-गजब: शादीशुदा प्रेमी जोड़े के बीच देर रात हुई बहस, परिजनों को बुलाया

**नैनीताल** । अपने पति पत्नि को बिन बताए नैनीताल घूमने पहुंचे प्रमियों के बीच लड़ाई का मामला चर्चा का विषय बना रहा। कोतवाली पुलिस ने दोनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर दोनों को उनके परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार हल्द्वानी से नैनीताल घूमने आया प्रेमी जोड़ा मल्लीताल एक होटल में ठहरे हुए थे। देर रात किसी बात को लेकर दोनों में बहस हो गई। मामला मारपीट में पहुंचा तो महिला ने 112 में पुलिस को सूचित कर दिया। सूचना के बाद पुलिस दोनों को कोतवाली ले आई। जहां पूछताछ में पता चला कि दोनों शादीशुदा लोग अपने पति पत्नि से छिपकर नैनीताल घूमने आए हैं जो पति पत्नी बनकर साथ रह रहे थे। किसी बात को लेकर दोनों के बीच अनबन हो गई थी। कहानी जानने के बाद पुलिस ने दोनों के परिजनों से संपर्क किया। एसआई दीपक कार्की ने बताया कि मामले में हल्द्वानी निवासी चंदन के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

# दोस्त ने अमीर बनने का सपना दिखा कटघरे में किया खड़ा

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

अमीर बनने का सपना हर किसी का होता है कि उसे हर ऐश आराम की चीज वक्त से पहले मिल जाए और इसके चलते उसकी समझ में इज्जत बढ़ जाए ऐसे ही एक सपना बेकरी में काम करने वाले युवक ने देखा था और उसके दोस्त ने उसे अमीर बनने का सपना दिखाकर न्यायालय के शरण में खड़ा कर दिया लेकिन गलती उसकी भी थी कि वह लालच में आ गया बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में अमीर बनने का मामला प्रकाश में आया है बेकरी में काम करने वाले व्यक्ति के नाम पर एक करंट एकाउंट खोला



जाता है। महज 8 दिन में उसके खाते में सवा करोड़ रुपए से अधिक की रकम पहुंच जाती है। नोएडा पुलिस इस पर पहले से काम कर रही थी और जब मामला खुला तो पता लगा कि यह सारा मामला साइबर क्राइम से जुड़ा है। साइबर क्राइम के इस खेल में स्थानीय स्तर पर छात्र संघ का पूर्व

**मुकदमा**

- महज 8 दिन में उसके खाते में सवा करोड़ रुपए से अधिक की रकम पहुंची
- साइबर क्राइम के इस खेल में 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पदाधिकारी करन अरोड़ा मास्टर माइंड है, जिसका भाई दुबई में बैठकर पूरा खेल खेल रहा है। इस मामले में बनभूलपुरा पुलिस ने करन समेत 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में सावित्री कालोनी मंगलपड़ाव निवासी रमेश चंद्र पुत्र स्व.देवीदत्त का कहना है कि वह आजादनगर बनभूलपुरा स्थित 17 एमएस बेकरी में काम करता है। पुराने दोस्त साजिद ने कहा कि वह क्रिप्टो करेंसी... .....

शेष पेज 4 पर

**चिंता मत करो, ले देकर पुलिस को निपटा लेंगे**

खुद को पाक-साफ बताने वाले रमेश को जब लगा कि उसके गले में कानून का फंद कस रहा है और जब नोएडा पुलिस ने उसे नोएडा बुलाया तो वह भाग कर साजिद और अनस के पास पहुंचा। कहा, तुम लोगों ने मुझे कहा फंसा दिया तो इन्होने कहा कि तुम्हें परेशान होने की जरुरत नही है। हम लोगों के पास जो भी पैसे आये हैं वह रमीज खान के माध्यम से और करन अरोरा और नितिन अटवाल को दिए हैं। इसलिए वही लोग इस मामले को पैसे देकर सुलझा लेंगे। हालांकि रमेश पुलिस के सामने यह कुबूल कर चुका है कि प्रियांशु ठाकुर, मोनिस, नितिन अटवाल और करन अरोरा इस काम से बहुत पैसा कामाया है। इस मामले में जब पुलिस ने सभी लोगों को नोएडा पुलिस आने के बाद बुलाया तो पुलिस ने भी इस बहती गंगा में अपने हाथ धो लिए और आखिर में सभी के खिलाफ साइबर ठगी का मुकदमा दर्ज कर गले में कानून का फंदा लटका दिया।

**दो साल आठ महीने बाद कोर्ट ने सुनाया फैसला**

# अंकिता हत्याकांड के आरोपियों को कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

**देहरादून/कोटद्वार**

एजेंसी

वनंत्रा रिजॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी की हत्या कर उसका शव चीला शक्ति नहर में फेंक दिया गया था। घटना के एक सप्ताह बाद चीला नहर से शव बरामद हुआ था। आज कोर्ट ने इस मामले में अपना फैसला सुनाया।

बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में कोटद्वार स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायालय (एडीजे कोर्ट) ने आज फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने तीनों आरोपियों पुलकित आर्य, उसके कर्मचारी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को हत्या के मामले में दोषी करार दिया है। इन पर 302, 201, 354, धाराओं में दोष सिद्ध हुआ है। वहीं, कोर्ट ने तीनों आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। तीनों आरोपियों को आजीवन कारावास के साथ 50-50 हजार रुपये का अर्थ दंड और अंकिता के परिजनों को चार लाख रुपये देने का फैसला भी कोर्ट ने दिया। उधर, न्यायालय का फैसला आने से ऐन पहले भीड़ ने पुलिस प्रशासन द्वारा की गई बैरिकेडिंग को तोड़कर न्यायालय की ओर बढ़ने की भीड़ की कोशिश की। पुलिस पूरी ताकत से लोगों को अंदर जाने से रोकने का प्रयास कर रही है। अदालत के फैसले पर पूरे उत्तराखंड और देश के लोगों की निगाहें टिकी थीं। कोटद्वार में इसके लिए पुलिस प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए है। गढ़वाल मंडल के विभिन्न जनपदों से पुलिस फोर्स कोटद्वार बुलाई गई है। अदालत परिसर के बाहर की सड़कों पर बैरिकेडिंग लगाई गई है। बीती 19 मई को अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता विशेष लोक अभियोजक अवनीश नेगी की ओर से बचाव पक्ष की बहस का जवाब देकर सुनवाई का सिलसिला समाप्त किया गया था। अदालत ने दोनों पक्षों की बहस व दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाने के लिए 30 मई की तिथि निर्धारित की थी। कोटद्वार स्थित एडीजे कोर्ट में 30 जनवरी, 2023 को मामले की पहली सुनवाई शुरू हुई थी। एसआईटी जांच के बाद अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में 500 पेज का आरोपपत्र दाखिल किया गया।



**फैसले से पहले कोर्ट के बाहर बवाल**

कोर्ट के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। बैरिकेडिंग लगाई है। लेकिन न्यायालय का फैसला आने से ऐन पहले भीड़ ने पुलिस प्रशासन द्वारा की गई बैरिकेडिंग को तोड़कर न्यायालय की ओर बढ़ने की भीड़ की कोशिश की।

# रुद्रपुर में बांग्लादेशी महिला मिली, युवक से किया निकाह

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

कोतवाली क्षेत्र में गैर कानूनी तरीके से रह रही बांग्लादेशी महिला के मिलने से पुलिस में हड़कंप मच गया। महिला ने एक युवक से निकाह भी कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक चौकी प्रभारी रम्पुरा प्रदीप कुमार कोहली ने दर्ज कराया मुकदमें में कहा कि जांच में पता चला कि पहाड़गंज में बंगलादेशी महिला बिलकिस पुत्री शमशुद हक निवासी ग्राम तितूलिया थाना दुपचचिया ढाका बागंलादेश, वर्ष 2004 में बंगलादेश से गैर कानूनी तरीके से सीमा पार कर हिन्दुस्तान आई थी। रामपुर यूपी में पकड़ी गई थी। जिसके खिलाफ थाना मिलक जिला रामपुर यूपी में पुलिस ने उक्त बांगलादेशी महिला बिलकिस के खिलाफ एफआईआर नंबर 269/2004 धारा 14 विदेश अधिनियम पंजीकृत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। कोर्ट ने वर्तमान में उक्त महिला को जमानत पर रिहा किया गया है। एसएसआई ललित मोहन रावल ने बताया कि अभियोग वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। जमानत

**मुकदमा**

- वर्ष 2004 में रामपुर जिले से जेल जा चुकी है,जमानत पर हैं

पर रिहा होने के उपरान्त अनवर अली पुत्र कल्लन निवासी पहाडगंज रुद्रपुर ने बिलकिस उपरोक्त से निकाह किया है। बाद से वह वर्तमान में उक्त पते पर निवास कर रही है।



उन्होंने बताया कि अनवर अली उपरोक्त द्वारा निकाह के बाद बिलकिस पुत्री शमशुद हक निवासी ग्राम तितूलिया थाना दुपचचिया ढाका बागंलादेश उपरोक्त का भारतीय आधार कार्ड तैयार करवाना पाया गया है।

जांच के बाद अनवर अली पुत्र कल्लन निवासी पहाडगंज रुद्रपुर व बिलकिस पुत्री शमशुद हक निवासी ग्राम तितूलिया थाना दुपचचिया ढाका बागंलादेश उपरोक्त द्वारा बिलकिस उपरोक्त को भारतीय नागरिक दर्शाते हुए धोखाधडी कर भारतीय मूल का आधार कार्ड बनाना पाया गया है। जुर्म धारा 318(4 )बीएनएस का अपराध है। उन्होंने बताया कि पुलिस जांच कर रही है।

# बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सुविधा नहीं, 40 किलोमीटर दूर जा रहे मरीज

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिला मुख्यालय नैनीताल के राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में अव्यवस्थाएं सही होने का नाम नहीं ले रही हैं जिससे मरीजों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। बीते दिनों एक मात्र बालरोग विशेषज्ञ के छुट्टी व वैकल्पिक व्यवस्था न होने पर मरीजों को हल्द्वानी का रुख करना पड़ा था। इधर वीरवार को फिर एक रेडियोलॉजिस्ट की छुट्टी के चलते फिर मरीजों को परेशान होना पड़ा। दूर दराज क्षेत्र से मरीज अल्ट्रासाउंड कराने अस्पताल तो पहुँच गए लेकिन वहां रेडियोलॉजिस्ट की छुट्टी के चलते उनको वापस लौटना पड़ा, कई मरीजों को हल्द्वानी जाना पड़ा। लोगों का कहना है कि नैनीताल में एक मात्र अल्ट्रासाउंड केंद्र बीडी पांडे अस्पताल में है। यहां अल्ट्रासाउंड सुविधा नहीं मिलने पर अल्ट्रासाउंड जांच के लिए 40 किलोमीटर दूर हल्द्वानी जाना पड़ता है। रेडियोलॉजिस्ट की छुट्टी के दौरान अस्पताल प्रबधन को वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए ताकि दूर दराज से आये मरीजों को दुश्वारियां नहीं झेलनी पड़े। जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा.तरुण कुमार टम्टा के मुताबिक रेडियोलॉजिस्ट को आकस्मिक अवकाश में जाना पड़ा जिसकी जानकारी देर रात मिली, इस वजह से वह वैकल्पिक व्यवस्था नहीं कर पाए।

# सांसद भट्ट ने संजय वन चेतना केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

पूर्व केंद्रीय और रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व सांसद अजय भट्ट ने आज तराई केंद्रीय वन प्रभाग के टांडा रेंज स्थित संजय वन चेतना केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर संजय वन को और अधिक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री भट्ट ने पर्यटन सचिव और मुख्य वन संरक्षक इको पर्यटन से दूरभाष पर वार्ता कर संजय वन को और विकसित किए जाने हेतु बजट आवंटित किए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान, सांसद भट्ट ने संजय वन की वर्तमान स्थिति का




जायजा लिया और उसके सौंदर्यीकरण और सुविधाओं के विस्तार पर जोर देते हुए कहा कि पहले संजय वन की हालत उतनी अच्छी नहीं थी, लेकिन उनके प्रयासों से अब इसकी तस्वीर बदलने लगी है। इस दौरान भट्ट ने पर्यटन सचिव से भी वार्ता करते हुए 74 लाख रुपए का बजट आवंटन में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि संजय वन में हर्ष बनाई जाए और पर्यटकों को रुकने की व्यवस्था भी की जाए। भट्ट ने बताया कि कुमाऊं की वादियों का लुफ्त उठाने आने वाले पर्यटकों के लिए संजय वन एक बेहतर विकल्प हो सकता है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे संजय वन को और सुंदर बनाने के लिए कार्य करें, ताकि बाहर से आने वाले पर्यटकों को बेहतर पर्यटन स्थल मिल सके। सांसद ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि संजय वन के विकास से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और वन विभाग व शासन को भी अच्छी आमदनी प्राप्त होगी। उन्होंने अधिकारियों से संजय वन को पुनर्जीवित करने के लिए विस्तृत प्रस्ताव भी मांगा। कहा कि वह जल्द संजय वन को बेहतर स्वरूप में बदलकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से इसका शुभारंभ करवाएंगे। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी और उप जिला अधिकारी सहित जिला पर्यटन अधिकारी व कई अधिकारी मौजूद रहे।

# 20वां गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट आज से, पंजीकरण किया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सूबे के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने वीरवार को राजभवन नैनीताल में आयोजित गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के कर्टेन रेजर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि 20वां गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट 30 मई (आज) से 1 जून (रविवार) तक आयोजित किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में देश भर के विभिन्न राज्यों से 177 गोल्फरों द्वारा पंजीकरण किया गया है।

राज्यपाल ने कहा कि गोल्फ टूर्नामेंट में इस वर्ष 6 वर्ष के बच्चे से लेकर 80 वर्ष तक के सुपर वेटरन प्रतियोगिता का हिस्सा बन रहे हैं। प्रतियोगिता में सुपर वेटरन कैटेगरी 75 वर्ष से अधिक आयु के 6, वेटरन (65 से 75) आयु वर्ग के 32, सामान्य वर्ग के 95 जबकि महिला वर्ग के 11 खिलाड़ी, जूनियर गोल्फर्स 33 (जिसमें 19 बालक और 14 बालिका खिलाड़ी) प्रतिभाग कर रहे हैं जो इस गोल्फ के प्रति उनके जुनून को दर्शाता है।

राज्यपाल ने कहा कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य नैनीताल में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही महिलाओं व युवाओं और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि राजभवन गोल्फ कोर्स का नैसर्गिक सौंदर्य देशभर के गोल्फ खिलाड़ियों को आकर्षित करता है। टूर्नामेंट में भाग लेने के साथ ही खिलाड़ी उत्तराखण्ड की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन स्थलों का भी प्रचार-प्रसार करते हैं। उन्होंने बताया कि एक अनूठी पहल के तहत गोल्फ कोर्स के 18 होल्स के नाम प्रसिद्ध हिमालयी पर्वत श्रृंखलाओं एवं नदियों के नामों पर रखे गए हैं जो न केवल खिलाड़ियों को एक सांस्कृतिक अनुभव देगा बल्कि उत्तराखण्ड की विरासत को भी उजागर करेगा। राज्यपाल ने कहा कि इस प्रतियोगिता के प्रति प्रतिभागियों में लगातार उत्साह बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गोल्फ के माध्यम से स्कूली बच्चों को खेलों से जोड़ने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। हाल ही में इंटर स्कूल गोल्फ टूर्नामेंट और प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बेटियों सहित कई स्कूलों के छात्रों ने हिस्सा लिया। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की पुण्य भूमि जो देवभूमि के रूप में जानी जाती है अब खेलभूमि बनने की दिशा में भी अग्रसर है। राज्य सरकार द्वारा खेलों के बुनियादी ढांचे के विकास तथा खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति व प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिताओं के अवसर प्रदान करने हेतु अनेक महत्वपूर्ण पहलें की गई हैं। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव रविनाथ रामन, अपर सचिव श्रीमती स्वाति एस भदौरिया, परिसहाय अमित श्रीवास्तव, मेजर सुमित कुमार, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव एवं संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।



## अमित लूथरा व जफर इकबाल होंगे मुख्य आकर्षण

नैनीताल। टूर्नामेंट में एशियाई खेलों के (गोल्फ) स्वर्ण पदक विजेता एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित अमित लूथरा तथा भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान पद्मश्री एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित जफर इकबाल भी भाग लेंगे।

राज्यपाल ने गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट में सहयोग प्रदान करने वाले प्रायोजकों का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। इस वर्ष इंडियन ऑयल, पर्यटन विकास परिषद, खेल विभाग उत्तराखण्ड, ओएनजीसी, हीरो ग्रुप, सिडकुल, आदित्य बिरला ग्रुप, अशोक लीलैंड, टाटा मोटर्स, मिल्टन ग्रुप, एसबीआई, टीएचडीसी, ट्राइडेंट, ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी, यूपीईएस यूनिवर्सिटी, डीआईटी यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों ने सहयोग किया है। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन गोल्फ कोर्स के आसपास का क्षेत्र बर्ड वॉचिंग के लिए भी अनुकूल है जहां पक्षियों की 160 से अधिक प्रजातियाँ पाई जाती हैं जो इस स्थल की सुंदरता को और भी बढ़ा देती हैं।



## ओखलकाण्डा में भारतीय भाषा समर कैम्प का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

विभागीय निर्देशों के क्रम में अटल उत्कृष्ट राजकीय इण्टर कालेज ओखलकाण्डा में भारतीय भाषा समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में वीरवार को भाषा कैम्प के तृतीय दिवस को खण्ड शिक्षा अधिकारी ओखलकाण्डा सुलोहिता नेगी द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों को संस्कृत भाषा के इतिहास एवं महत्व तथा किस प्रकार संस्कृत भाषा के द्वारा भारतीय संस्कृति का संरक्षण किया जा सकता है क्योंकि संस्कृत भाषा विश्व की सब भाषाओं की जननी है साथ ही संस्कृत को कैसे आजीविका का साधन बनाया जा सकता है इस बिन्दु पर भी प्रकाश डाला गया।

प्रधानाचार्य द्वारा अपने संस्कृत में दिये गये वक्तव्य में भाषाओं के संवर्द्धन हेतु अपील की गयी। कार्यक्रम का संचालन आरती जेठा एवं विमला दुर्गापाल शिक्षिकाओं द्वारा किया गया। उक्त अवधि में क्षेत्र के जनमानस दिनेश चन्द सिंह बोरा व दीपक बर्गली आदि उपस्थित थे।

## नियमितीकरण को 328वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को जारी करने को लेकर किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधरोपण आंदोलन वीरवार को 328वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए- पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत जहां पर्यटकों ने आवास गृह परिसर में पौधारोपणकिया वहीं मेडिक ल हेल्थ एसोसिएशन की जनपदीय कार्यकारिणी के गठन के अवसर पर संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष रजनी रावत के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने पर्यटक आवास गृह परिसर में पौधा रोपण किया।

संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि दिनेश गुरुरानी द्वारा यह एक शानदार पौधा रोपण का आंदोलन चलाया जा रहा है। जिसमें उनके द्वारा भी सहयोग किया जा रहा है। पौधारोपण कार्यक्रम में संगठन के जनपद अध्यक्ष विक्रम रौतेला, महामंत्री कमलेश जोशी, कोषाध्यक्ष देवराज कन्याल सहित अन्य पदाधिकारियों ने पौधा रोपण कार्यक्रम में सहयोग दिया।



## NEWS / फटाफट

### उत्तराखंड भाजपा की सह प्रभारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा पहुंची भाजपा नेता चुघ के आवास

रुद्रपुर। वरिष्ठ भाजपा नेता और समाजसेवी भारत भूषण चुघ की माताजी पूर्व जिला पंचायत सदस्य उर्मिला रानी चुघ का पिछले दिनों निधन हो गया था। जानकारी मिलने पर भाजपा के आला नेताओं समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों ने उनके आवास भूरारानी पहुंच कर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि चुघ परिवार भारतीय जनता पार्टी के समर्पित परिवार का हिस्सा है और सदैव समाज की सेवा में अग्रणी रहे हैं। दिवंगत उर्मिला रानी चुघ ने जिला पंचायत सदस्य रहते हुए अपने क्षेत्र में अनेकों विकास कार्य कराए ।उनके निधन से अपूर्णिय क्षति हुई है। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। शोक व्यक्त करने वालों में उत्तराखंड भाजपा की सह प्रभारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, प्रांतीय संगठन महामंत्री भारतीय जनता पार्टी अजय कुमार, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट,भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत, जिला अध्यक्ष मनोज पाल, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व विधायक लालकुआं नवीन दुमका, दर्जा राज्य मंत्री अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव सिंह नामधारी, हरविंदर सिंह विर्क ,हरियाणा भाजपा प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश भाटिया, गणेश उपाध्याय, हरीश पनेरु, बिट्टू चौहान आदि मौजूद थे।

### टैक्सी चालक और स्थानीय निवासी के बीच मारपीट

नैनीताल । नैनीताल के स्नोव्यू क्षेत्र में एक टैक्सी चालक और स्थानीय निवासी के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार वीरवार को स्नोव्यू निवासी युवक अपनी कार से दोपहर को अपने घर जा रहा था। इस दौरान स्नोव्यू क्षेत्र में उसके आगे एक टैक्सी वाहन बार बार सडक् पर रूक रहा था। सडक् में जगह नहीं होने के कारण वह हॉर्न बजाने लगा। जब बहुत देर तक उसको आगे जाने की जगह नहीं मिली तो उसने टैक्सी चालक से वाहन हटाने को कहा। दोनों के बीच बहस हो गई और हाथापाई हो गई। हाथापाई के दौरान दोनों चोटिल हो गए। जिसके बाद दोनों कोतवाली पहुंच गए। एसआई दीपक कार्की ने बताया कि दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक: स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा उत्तरांचल दीप प्रेस चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## 909. 84 लाख की लागत से होगा चाहरदीवारी का निर्माण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

वर्ष 2023 में बीडी पांडे अस्पताल की भूमि से अतिक्रमण हटाने के बाद खाली भूमि में 909. 84 लाख की लागत से आवासीय भवन, ट्राजिंट हॉस्पिटल व मेडिकल स्टोर व चाहरदीवारी का निर्माण किया जाएगा।

कार्यदायी संस्था की ओर से जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा। बता दें कि वर्ष 2023 में हाईकोर्ट ने बीडी पांडे अस्पताल भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। प्रशासन व पुलिस की मौजूदगी में भूमि से अतिक्रमण हटा दिया गया था। इसके चलते अस्पताल को उसकी भूमि खाली रूप में मिल गई थी। खाली भूमि में आवासीय भवन, छात्रावास व मेडिकल स्टोर व चाहर दीवारी बनाने के लिए बीडी पांडे अस्पताल की ओर से शासन को प्रस्ताव भेजा था। लंबे समय के इंतजार के बाद शासन की ओर से प्रस्ताव को स्वीकृति देते हुए खाली भूमि में निर्माण व अस्पताल विस्तार के लिए बजट जारी किया था।

शासन की ओर से आवासीय भवन, छात्रावास, मेडिकल स्टोर व चाहरदीवारी बनाने के लिए 909. 84 लाख का बजट स्वीकृत हुआ था। लेकिन कार्यदायी संस्था उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड की ओर से कार्य शुरू नहीं किया जा सका। अस्पताल प्रबंधन की ओर से कई बार के पत्राचार के बाद अब कार्यदायी संस्था हरकत में आई है। अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि कार्यदायी संस्था से जल्द कार्य शुरू करने की अपील की गई थी। संस्था की ओर से अस्पताल की खाली पड़ी जमीन का निरीक्षण कर लिया है जल्द ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## आधुनिक शिक्षा एवं आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर कार्यक्रम

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में वीरवार को एक विशेष एवं प्रेरणास्पद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पर्यावरण संरक्षण व आधुनिक शिक्षा एवं आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए गए।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध पर्यावरणविद् व शिक्षाविद् एवं मैती आंदोलन के संस्थापक डॉ. कल्याण सिंह रावत थे। डॉ. रावत ने विद्यालय की प्रातःकालीन सभा को संबोधित करते हुए पौधरोपण की महत्ता पर बल दिया और बताया कि कैसे मैती आंदोलन ने पौधरोपण को एक सामाजिक और भावनात्मक आंदोलन में परिवर्तित किया है। इस पहल के अंतर्गत विवाह अवसरों पर वधू और वर एक पौधा लगाते हैं जिसे वधू की माता पोषित करती हैं। यह परंपरा पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पारिवारिक मूल्यों को भी प्रगाढ़ करती है। उन्होंने बताया कि 1995 से अब तक इस आंदोलन के तहत 10 लाख से अधिक पौधे विवाह अवसरों पर लगाए जा चुके हैं।

कार्यक्रम में शैलेश मटियानी पुरस्कार से सम्मानित एवं शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नवाचारों के लिए चर्चित चंद्रशेखर जोशी भी उपस्थित रहे। वर्तमान में वे पिथौरागढ़ के एक राजकीय विद्यालय में प्रधानाचार्य के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने छात्रों को 21वीं सदी के कौशलोंए तकनीकी शिक्षा और एआई की भूमिका के बारे में बताया। रेड क्रॉस सोसाइटी के सक्रिय सदस्य नीरज जोशी ने आपदा प्रबंधन पर व्याख्यान देते हुए बताया कि हिमालयी क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदाओं की आशंका सदैव बनी रहती है इसलिए छात्रों को सजग जागरूक और तैयार रहना चाहिए।

इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता तथा उप प्रधानाचार्य प्रवीण सती और प्रबंधक ज्योति प्रकाश ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद किया। विद्यालय के शिक्षकगण शहनवाज,उत्कर्ष बोरा, चंद्र प्रकाश, दरपान, डा. रेनू बिष्ट, मीनाक्षी बिष्ट, डा.नीलम जोशी, गीतिका और अवंतिका भी उपस्थित रही।

# अभिमत

## फुटपाथ संवैधानिक अधिकार

***करोड़ों लोग जान जोखिम में डालकर सड़क पर चलने को मजबूर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने फुटपाथ पर चलने के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत लोगों के जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हिस्सा बताया और शीर्ष अदालत ने कहा कि फुटपाथ लोगों का संवैधानिक अधिकार है। देशभर में सड़कों पर फुटपाथ के अभाव और अतिक्रमण पर राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेश की सरकारों को आड़े हाथ लिया। पूरे देश में पैदल चलने वालों के लिए सड़कों के किनारे फुटपाथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।***

ऑटोमोबाइल क्षेत्र में क्रांति आने से पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ विलुप्त हो गई है। करोड़ों लोग जान जोखिम में डालकर सड़क पर चलने को मजबूर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने फुटपाथ पर चलने के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत लोगों के जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हिस्सा बताया और शीर्ष अदालत ने कहा कि फुटपाथ लोगों का संवैधानिक अधिकार है। देशभर में सड़कों पर फुटपाथ के अभाव और अतिक्रमण पर राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेश की सरकारों को आड़े हाथ लिया। पूरे देश में पैदल चलने वालों के लिए सड़कों के किनारे फुटपाथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। शीर्ष अदालत ने सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए एक माह में अदालत में रिकार्ड पेश करने को कहा है। पैदल यात्रियों के लिए फुटपाथ नहीं है और जहां फुटपाथ है, वहां अतिक्रमण करके चलने नहीं दिया जाता है। सुप्रीमकोर्ट ने कहा कि लोगों के लिए उचित फुटपाथ होना बहुत ही आवश्यक है और वे ऐसे होने चाहिए जो दिव्यांगों समेत सभी व्यक्तियों के लिए सुलभ हों। फुटपाथ से अतिक्रमण अनिवार्य रूप से हटाया जाना चाहिए। पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ का उपयोग करना गारंटी का अधिकार है। दरअसल चारपहिया और दोपहिया वाहनों की विदेशी कंपनियां भारत में आने पर प्रतिस्पर्धा के कारण वाहनों की भरमार हो गई है। आधुनिक तकनीक से वाहनों की गति भी बढ़ गई है। वाहनों की भरमार से यातायात बाधित होता है। रास्ता जाम की समस्या से निपटने के लिए सड़क चौड़ीकरण का अभियान चलाया जा रहा है। कुछ दशक पहले सड़कों के बीच में डिवाइडर से वन-वे यातायात किया गया। अब तो टू-लेन, फोर-लेन, सिक्स-लेन और एट-लेन हाई-वे का जाल पूरे देश में बिछ गया है। सड़क चौड़ी करते समय फुटपाथ खत्म कर दी गई। शहर के बाजार में फुटपाथ पर दुकानदारों ने कब्जा कर लिया है। प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जाता है। अतिक्रमणकारी प्रशासन की टीम के जाते ही पुनः अतिक्रमण कर लेते हैं। फुटपाथ पर अतिक्रमण के बाद सड़क पर भी ठेले और दुकानदारों के वाहन खड़े रहते हैं। बीचोबीच सड़क पर चलना लोगों की मजबूरी है। वाहनों की गति इतनी अधिक है कि मामूली सी टक्कर से ही पैदल चलने वाला मर जाता है, यदि गंभीर घायल होकर बच जाता है तो विकलांग हो जाता है। फुटपाथ होने पर तेज रफ्तार वाहन से पैदल चलने वालों की सुरक्षा हो सकेगी।

# अधिवक्ता उपाध्याय ने ली एडिशनल न्यायधीश की शपथ





**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता सुभाष उपाध्याय ने शुक्रवार को हाईकोर्ट के एडिशनल न्यायधीश के रूप में शपथ ग्रहण की । उन्हें मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति जी.नरेंद्र ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई । उत्तराखंड हाईकोर्ट में अब कुल जजों की संख्या 10 हो गई है। मुख्य न्यायधीश कोर्ट में हुए शपथ ग्रहण समारोह के शुरू में रजिस्ट्रार जनरल कहकशा खान ने राष्ट्रपति की ओर से जारी नियुक्ति पत्र की अधिसूचना पढ़ी । जिसके बाद सुभाष उपाध्याय ने विधिवत एडिशनल जज,के पद की शपथ ली ।

शपथ ग्रहण समारोह में न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा, महाधिवक्ता एस एन बाबुलकर, मुख्य स्थायी अधिवक्ता चंद्रशेखर रावत, शासकीय अधिवक्ता अमित भट्ट, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ता अवतार सिंह रावत,वी बी एस नेगी, डॉ. महेंद्र पाल,बी डी उपाध्याय,जे पी उपाध्याय, टी ए खान, पुष्पा भट्ट,पुष्पा जोशी,जानकी सूर्या, डी सी एस रावत, बी डी कांडपाल, सेवानिवृत्त न्यायधीश सर्वेश गुप्ता, प्रमुख सचिव न्याय प्रदीप पन्त, प्रमुख सचिव संसदीय के धनन्जय चतुर्वेदी, राज्यपाल के विधि सलाहकार, सालसा जे सदस्य सचिव प्रदीप मणि, उजाला के निदेशक श्री गोयल, जिला जज नैनीताल सुबीर कुमार,आई जी कुमाऊँ रिधिम अग्रवाल, एस एस पी नैनीताल प्रह्लाद नारायण मीणा,अपर जिलाधिकारी विवेक राय ,एसडीएम नवाजिस खलिक, बार काउंसिलिंग ऑफ़ इंडिया के डीके शर्मा,एसोसिएशन के अध्यक्ष डीएस मेहता, वरिष्ठ अधिवक्ता और बार काउंसिल अध्यक्ष डॉ.महेंद्र सिंह पाल, अवतार सिंह रावत, बीसी कांडपाल, पूर्व महाधिवक्ता वी.बी.एस.नेगी, अधिवक्ता वाशवेंद्र मौलेखी, आशा भट्ट, अनिल बिष्ट, मेनुका त्रिपाठी, शैलेन्द्र चौहान, राजीव बिष्ट, डीके जोशी, ललित शर्मा, पूर्व अध्यक्ष सैय्यद नदीम मून,डी एस रावत, नवीन बिष्ट, विश्वकेतु वैध, सुमित बजाज, चंद्रशेखर,सोहेल सिद्दीकी, नवीन बिष्ट,सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता,हाईकोर्ट के न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे । इसके अलावा न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की धर्मपत्नी,पुत्र सहित अन्य पारिवारिक जन उपस्थित थे ।

## कलमठ बंद होने से सड़क पर जमा हुआ मलबा

**नैनीताल ।** नैनीताल में बारिश के दौरान कूड़ाखड के समीप पहाड़ी से मलबा गिरकर सड़क किनारे जमा होने से इन दिनों वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है वहीं मलबे से कलमठ बंद होने से लोगों को दिक्कत हो रही हैं। दूसरी ओर वीरवार को तेज बारिश के चलते मलबा सड़क पर जमा हो गया है।

बता दें कि बीते सप्ताह व शनिवार देर रात बारिश के बाद हनुमानगढ़ कूड़ा खड के समीप राजभवन की पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा गिरा है। मलबा गिरने से सड़क किनारे कलमठ बंद हो गया है। मलबा सड़क के किनारे भी बिखर गया है। इससे अब सड़क संकरी हो गई है। अब यातायात बढ़ने के दौरान वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग की ओर से अब तक मलबा नहीं हटाया गया है। इधर वीरवार को दोबारा बारिश के दौरान मलबा गिरने से सड़क में दोबारा मलबा जमा हो गया है। जिससे एक तरफा जाम लगने की दिक्कतें सामने आई हैं।

## पत्रकारिता दिवस : प्रेस क्लब में चिकित्सा शिविर का आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

हल्द्वानी प्रेस क्लब द्वारा पत्रकारिता दिवस के अवसर पर प्रेस क्लब प्रांगण में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट द्वारा रिबन काटकर किया गया। शिविर में मरीजों द्वारा जाँच कराई गयी और चिकित्स्कों द्वारा उन्हें सलाह दी।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी को हिंदी पत्रकारिता दिवस की शुभकामनायें दी और कहाँ कि इस प्रकार के रचनात्मक कार्यों से समाज की सहभागिता बढ़ती है और प्रेस क्लब हल्द्वानी का यह सराहनीय प्रयास है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने सभी को हिंदी पत्रकारिता दिवस की शुभकामनायें दी और कहाँ कि प्रेस क्लब का यह प्रयास सराहनीय है और हम सभी को जन सहभागिता के इस कार्यक्रम में सहयोग करना चाहिए। चिकित्सा शिविर में नगर आयुक्त रिचा सिंह, एस डी एम राहुल साह ने भी पहुंचकर सभी को हिंदी पत्रकारिता दिवस की शुभकामनायें दी गयी। प्रेस क्लब अध्यक्ष संजय तलवार ने कहाँ कि प्रेस क्लब का यह प्रयास रहता है कि जन सहभागिता के कार्यक्रम हों और आम जन को कार्यक्रम का लाभ मिल सके। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री रवि दुर्गापाल ने किया। इस मौके पर मुख्य संरक्षक कैलाश जोशी, तारा चंद्र गुर्रानी, कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश जोशी, कोषाध्यक्ष अजय चौहान, एम हसनैन, अनुराग वर्मा, गोपाल जोशी, सुनील तलवार, नीरु भल्ला, किरन हसनैन, राहुल दरमवाल, सलीम खान, सरताज आलम आदि मौजूद रहें।



# फिल्मी दुनिया

## कभी डायलॉग भूल गए थे बाबू भैया, फिर विलेन से कॉमेडियन तक हर रोल में हिट



*बॉलीवुड के सबसे बेहतरीन अदाकारों में गिने जाने वाले परेश रावल आज 70 साल के हो चुके हैं। प्रोफेशनल लाइफ जितनी शानदार रही, उनकी लव लाइफ उससे भी कहीं ज्यादा फिल्मी रही। बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता परेश रावल अपनी दमदार एक्टिंग के लिए तो जाने ही जाते हैं, लेकिन उनकी निजी जिंदगी भी कम दिलचस्प नहीं है। इन दिनों वे फिल्म हेरा फेरी 3 से बाहर निकलने को लेकर विवादों में घिरे हुए हैं, लेकिन इसी बीच वो अपने 70वें जन्मदिन का जश्न भी मना रहे हैं। इस मौके पर उनकी प्रेम कहानी और जिंदगी के कुछ मजेदार किस्से एक बार फिर चर्चा में हैं। परेश रावल जब थिएटर में एक्टिव थे, तभी उन्हें पहली बार प्यार हुआ और वो भी अपने बॉस की बेटी से। स्वरूप संपत, जो उस दौर में मिस इंडिया रह चुकी थीं, उन्हें देखते ही परेश ने तय कर लिया था कि शादी तो बस इसी लड़की से करनी है। लेकिन ये फैसला जितना सीधा था, उसे निभाना उतना ही चुनौतीपूर्ण। एक बार जब परेश ने स्वरूप को अपने दिल की बात बताई, तो उन्होंने साफ कह दिया कि वो 'जानने-पहचानने' वाली डेटिंग में विश्वास नहीं करते। उनका कहना था कि इंसान पूरी जिंदगी में भी एक-दूसरे को नहीं समझ पाते, इसलिए अगर प्यार है, तो सीधे शादी की बात होनी चाहिए। हालांकि, इस रिश्ते को मुकाम तक पहुंचने में पूरा एक दशक और दो साल और लगे।*

### परेश रावल का फिल्मी करियर

*80 के दशक में उन्होंने फिल्मी करियर की शुरुआत कर ली थी। परेश रावल बॉलीवुड के उन गिने-चुने कलाकारों में से हैं, जो किसी भी किरदार को अपनी एक्टिंग से जीवंत बना देते हैं। चाहे वो गंभीर विलेन हों या हंसी से लोटपोट कर देने वाले कॉमिक किरदार। उनकी बेहतरीन फिल्मों में हेरा फेरी, फिर हेरा फेरी, ओह माय गॉड, अंदाज अपना अपना, वेलकम, भूल भुलैया, गरम मसाला, चुप चुप के, हंगामा, गोलमाल फन अनलिमिटेड, तमन्ना, सर, सन ऑफ सरदार, राजा, आतंक ही आतंक, संजू, सिंघम, बागबान, मोहरे, लव के लिए कुछ भी करेगा जैसी फिल्में शामिल हैं।*

## भारतीय भाषा संस्कृत भाषा के तीसरे दिन हुए विभिन्न कार्यक्रम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मालधन चौड़ में समर कैंप भारतीय भाषा संस्कृत भाषा के तीसरे दिन में विभिन्न कार्यक्रमें का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत विभिन्न भाषाओं में छात्राओं द्वारा देश गीत प्रस्तुत किए गए तथा विभिन्न वाद्य यंत्र के बारे में छात्रों को बताया गया।

छात्राओं ने चित्रों के माध्यम से विभिन्न वाद्य यंत्र को बनाया तथा उन यंत्रों के बारे में जानकारी प्राप्त की संस्कृत भाषा में ज्ञान प्राप्त करने में छात्राएं काफी रुचि ले रही है संदर्भ दाता डॉ मीनाक्षी एवं श्रीमती गीता रानी के द्वारा छात्राओं को विभिन्न जानकारियां दी जा रही हैं । समर कैंप राज्य भाषा एवं पीएम श्री कैंप का निर्देशन प्रधानाचार्य श्रीमती सपना सिंह के निर्देशन में हो रहा है एवं वही विद्यालय में दूसरी तरफ पीएम श्री के अंतर्गत होने वाले समर कैंप का भी आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत प्रात काल छात्राओं द्वारा योग किया गया तत्पश्चात विभिन्न प्रतियोगिताओं जिसके अंतर्गत कविता चुटकुले कहानियां एवं विज्ञान प्रयोगात्मक शिक्षा का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें गीता पंत प्रियंका टम्टा सीमा वोहरा ज्योति पांडे बिना मेहरा कुसुमलता द्वारा छात्राओं को विभिन्न गतिविधियां कराई जा रही है। समर कैंप का संचालन बिंदु शाह द्वारा किया जा रहा है तथा विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से कराया जा रहा है।



## News कॉर्नर

### 1 जून को जय हिंद रैली का आयोजन

**नैनीताल ।** देशभर में कांग्रेस पार्टी द्वारा जय हिंद रैली का आयोजन



किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 1 जून (रविवार) को रामलीला मैदान हल्द्वानी में जय हिंद रैली का आयोजन किया जा रहा है। नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल के अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल ने बताया कि यह रैली आपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सैन्य बलों के अदम्य शौर्य के सम्मान में आयोजित की जा रही है नगर अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल ने बताया कि इस रैली को भव्य व ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा,प्रदेश सह प्रभारी सुरेंद्र शर्मा,पूर्व सांसद डा. महेंद्र सिंह पाल,पूर्व विधायक संजीव आर्य, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल आदि स्वयं शुक्रवार (आज) को नैनीताल में नगर कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होकर कांग्रेस जनों के साथ विचार विमर्श करेंगे।

### रेस्टोरेंट ढाबों में शराब पीने पिलाने वालों पर कार्रवाई

**नैनीताल ।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में पुलिस की ओर से होटल ढाबों व रेस्टोरेंट में छापेमारी की गई। इस दौरान रेस्टोरेंट ढाबों में शराब पीने पिलाने वाले 9 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। बता दें कि वीरवार को कोतवाली पुलिस ने टीम बनाकर गाड़ी पड़ाव, बड़ा बाजार क्षेत्र में चल रहे रेस्टोरेंट व ढाबों में छापेमारी की। इस दौरान कई रेस्टोरेंट व ढाबों में कई लोग शराब परोसते व पीते पाए गए। पुलिस की छापेमारी से शराबियों में हडकंप मच गया। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि अवैध रूप से मल्लीताल क्षेत्र के रेस्टोरेंट ढाबों में शराब पीने पिलाने वाले 9 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

# स्वागत: खेलो इंडिया बीच गेम्स में पदक जीतकर लौटे उत्तराखंड के पेंचक सिलाट खिलाड़ी

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

दिवाकर स्पोर्ट्स एंड फिटनेस अकेडमी, रूद्रपुर में पेंचक सिलाट एसोसिएशन के तत्वावधान में खिलाड़ियों के लिए एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया। यहां पर उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ डीके सिंह मुख्य अतिथि पहुंचे। खिलाड़ियो का शानदार प्रदर्शन और पदक जीतकर लौटने पर सम्मानित किया। गोवा में हुए 37 वे राष्ट्रीय खेलों में पेंचक सिलाट खेल ने प्रदेश को सर्वाधिक 1 स्वर्ण और 3 कांस्य पदक दिलाए थे पिछले 5 वर्षों में लगातार प्रदेश को विभिन्न राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय ऑल यूनिवर्सिटी ऑल इंडिया पुलिस गेम्स एशियन चैंपियनशिप और वर्ल्ड पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में




शानदार प्रदर्शन करते आ रहे है डाक्टर डीके सिंह ने पेंचक सिलाट खेल एवं प्रदेश के खिलाड़ियों की उपलब्धियों के लिये उत्तराखण्ड के मुख्य कोच एवं महासचिव पेंचक सिलाट संघ उत्तराखण्ड के महासचिव दिवाकर को संपूर्ण श्रेय दिया। खेलो इंडिया बीच गेम्स में उत्तराखंड प्रदेश के पेंचक सिलाट के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 7 बहुमूल्य पदक जीतकर उत्तराखंड प्रदेश का नाम रोशन किया। जिसमें 3 रजत पदक रूद्रपुर के खिलाड़ियों के नाम रहे, जबकि हल्द्वानी, नैनीताल को 1 रजत और 1 कांस्य पदक और देहरादून को 2 कांस्य पदक प्राप्त हुए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी शरद जोशी, पेंचक सिलाट एसोसिएशन उत्तराखंड के अध्यक्ष केवल किशन भारती, समाजसेविका कुलविंदर कौर, अनिलदीप, रिहान सिद्दीकी ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। पेंचक सिलाट संघ उत्तराखंड के महासचिव बब्लू दिवाकर ने बताया कि खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित 19 से 24 मई तक दमन और दीव के घोघला बीच पर हुए पहले खेलो इंडिया बीच गेम्स में उत्तराखंड प्रदेश का प्रदर्शन श्रेष्ठ रहा। पदक विजेता खिलाड़ी लगातार इस प्रतियोगिता की पिछले 1 साल से मेहनत कर रहे थे। खिलाड़ियों ने देवभूमि उत्तराखंड का नाम पदक जीतकर रोशन किया है।डॉ डीके सिंह जी ने कहा कि हमें गर्व महसूस हो रहा है कि हम इन सभी खिलाड़ियों को सम्मान कर रहे हैं जिन्होंने प्रदेश का नाम रोशन किया है।

# सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

सिविल जज (सीडि),सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेन्द्र कुमार सागर के नेतृत्व में सुरक्षित दवा-सुरक्षित जीवन अभियान के अन्तर्गत गुरूवार को रूद्रपुर के विभिन्न मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया गया। उन्होने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य मेडिकल स्टोर्स में आने वाली नकली व स्तरहीन दवाओं पर नियंत्रण करना, वैक्सीन के लिए प्रॉपर कोल्ड चेन मैंटेन करना, प्रत्येक नागरिक को सही व गुणवत्ता पूर्ण औषधियाँ उपलब्ध करवाना है एवं एन्टीबायोटिकस का दुरुप्रयोग रोकना, एक्सपायरी दवाओं का प्रॉपर बिलिंग के माध्यम से दवाओं की खरीद व बिक्री करना।

सागर ने बताया कि नगरीय क्षेत्र में मेडिकल स्टारों का निरीक्षण किया गया, जिसमें गुप्ता मेडिकल स्टोर,अरोडा मेडिकल स्टोर,प्रेम मेडिकल स्टोर इत्यादि संचालकों को



औषधि भंडारण में आदर्श नियमों का पालन करने, एक्सपायरी ड्रग्स हेतु पृथक भंडारण व ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के अनुसार निस्तारण करने के निर्देश दिये गए। निरीक्षण टीम में सिविल जज सीनियर डिवीजन/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेन्द्र कुमार सागर के अलावा डिप्टी सीएमओ डा राजेश आर्या, वरिष्ठ

**निर्देश**

- **सचिव ने ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के मुताबिक निस्तारण करने के निर्देश दिये**

औषधि निरीक्षक नीरज कुमार, औषधि निरीक्षक शुभम कोटनाला, डा नीधि शर्मा, एएसआई अमित कुमार आदि अधिकारी शामिल थे।

# खेल मंत्री ने किया बैडमिन्टन हॉल और मल्टी परपज हॉल के निर्माण कार्य का लोकार्पण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सूबे की खेल मंत्री रेखा आर्या ने जनपद नैनीताल स्थित भीमताल में वीरवार को बैडमिन्टन हॉल और मल्टी परपज हॉल के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इन दोनों के निर्माण में लगभग 7 करोड़ रुपए की लागत आई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके निर्माण की घोषणा की थी। इस अवसर पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि अब यहां से राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन खिलाड़ी निकलने का मार्ग प्रशस्त होगा। देवभूमि को खेल भूमि के रूप में विकसित करने के हमारे संकल्प का यह एक और पड़ाव है। रेखा आर्या ने कहा कि अब तक प्रदेश में हमारे पास 1300 करोड़ से ज्यादा की खेल अवस्थापना परिसंपत्तियां हो चुकी है और जगह.जगह स्टेडियम, मिनी स्टेडियम तथा मल्टीपरपज हॉल बनाने का कार्य लगातार जारी है। इस अवसर पर सीडीओ नैनीताल अनामिका, जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रतीक जोशी, जिला खेल अधिकारी निर्मला पंत, भीमताल मंडल अध्यक्ष कमल जोशी, उपाध्यक्ष डीके शर्मा, महामंत्री गोपाल कृष्ण भट्ट, कमलेश रावत, कमला आर्या, पंकज जोशी, प्रकाश कनौजिया, कुलदीप, जया बोहरा, अनीता व मीनाक्षी आर्या आदि उपस्थित रहे।



## पेज एक का शेष

### दोस्त ने अमीर बनने का सपना दिखा...

...में काम करता है और रमेश भी इसमें खाता खोले तो अच्छा मुनाफा होगा। सालों पुरानी दोस्ती पर रमेश ने भरोसा कर दिया, लेकिन कमाई के लिए करंट एकाउंट की जरूरत थी। साजिद और उसके दोस्त अनस मलिक ने उद्यम विभाग में आरसी इंटर प्राइजेज के नाम से रमेश का पंजीकरण कराया और यहां से मिले उद्यम सर्टिफिकेट के जरिये बैंक में आरसी इंटर प्राइजेज के नाम से करंट एकाउंट खुलवा लिया। इस खाते का संचालन अपने हाथ में ले लिया।

बीती 19 मार्च को साजिद ने रमेश के दूसरे बैंक खाते में 30000 रुपए डलवाये। 10000 रुपए रमेश को देखकर बाकी रख लिए। साथ ही भरोसा दिया कि ऐसे पैसे उसके पास आते रहेंगे। अगले ही दिन साजिद और अनस अपने हस्सान, मोहम्मद कैफ और रमीश नाम के युवक को लकेर रमेश के पास पहुंचे। कहा, हम लोग करन अरोरा और उसके भाई प्रियांशु ठाकुर, मोनिस और नितिन अटवाल के साथ मिलकर क्रिप्टो करेंसी का काम करते हैं। हमारे खाते में जो भी रुपए आते हैं वो निकाल कर करन अरोरा को दे देते हैं और इसके बदले हमे अच्छा खासा कमीशन मिल जाता है। अगर तुम और लोगों के खाते खुलवाते हो तो तुमको और ज्यादा कमिशन मिलेगा। रमेश ने खुद के ही कुछ और बैंक खाते खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन खाते खुल नहीं पाए। इसी बीच नोएडा पुलिस बनभूलपुरा पहुंच गई। दरअसल, महज 8 से 10 दिनों के भीतर रमेश के करंट एकाउंट में एक करोड़ 20 लाख रुपए जमा हो चुके थे, जो विभिन्न खातों से आए थे और नोएडा पुलिस इसकी तफ्तीश कर रही थी। बड़ी बात यह थी कि इस एक करोड़ 20 लाख रुपये को खाते से निकाल भी लिया गया था। रमेश को पुलिस ने बनभूलपुरा थाने बुलाया तो उसने इस धंधे से जुड़े सभी लोगों के नाम उगल दिए। हालांकि खुद को वह पाक-साफ बताता रहा।

रमेश के कुबूलनामे के बाद पुलिस ने साजिद, हस्सान, मो. कैफ, रमीश, करन अरोरा, सिकन्दर हुसैन, यूसूफ पुत्रगण जमाल हुसैन, वासिद पुत्र साहिद हुसैन निवासीगण बनभूलपुरा को बुलाकर पूछताछ की तो मामला आइने की तरह साफ हो गया। इस मामले के तार दुबई से जुड़े हैं और बताया रहा है कि करन के भाई वहीं रहकर इस धंधे को संभालता है। करन छात्र संघ का पूर्व उप सचिव रह चुका है। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) व 61(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। वहीं एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा का कहना है कि प्राथमिक जांच में साइबर क्राइम की पुष्टि हो रही है। इसकी जांच की जा रही है कि उपरोक्त खातों में किस तरह से कमाए गए रुपए आ रहे थे।

### डीएसए मैदान में जुआ खेलते 6 लोग गिफ्तार

**नैनीताल ।** नगर के मल्लीताल डीएसए मैदान को लोगों ने जुए का अड्डा बना लिया है। लोगों की शिकायत पर पुलिस ने जुआ खेलते 6 लोगों को गिफ्तार किया है। बता दें कि मल्लीताल डीएसए मैदान को लोगों ने जुए का अड्डा बना लिया है। सुबह से शाम तक कई स्थानों पर लोग फड़ लगाकर जुआ खेल रहे हैं। लोगों की शिकायत पर बृहस्पतिवार को कोतवाली पुलिस ने मैदान में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस ने छह जुवारियों को ताश की गड्डी के साथ गिरफ्तार किया।

# पुलिस ने वर्ष 2023 का फरार आरोपी को गिरफ्तार किया

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देशन में जनपद में फरार ईनामी,वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी को चलाया जा रहा अभियान के तहत गदरपुर पुलिस ने वर्ष 2023 में गूलरभोज मेन मार्केट में हुई चोरी की घटना में फरार चल रहे अभियुक्त जसवन्त सिंह पुत्र स्वर्गीय प्रेम सिंह निवासी ग्राम जैबाबाद खेलड़ी धक्का बस्ती, थाना चांदहट, जिला पलवल, हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया है।

**कार्रवाई**

- **चोरी के मामले में चल रहा था फरार, आरोपी पर पूर्व में भी 8 मुकदमों है पंजीकृत**

पुलिस के मुताबिक यह मामला वर्ष 2023 का है, जब प्रमोद कुमार पुत्र खैराती लाल निवासी गोविन्दपुर, गूलरभोज, थाना गदरपुर उत्तराखंड ने थाना गदरपुर में एफआईआर नंबर 294/2023, धारा 457/380/120क्ष आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में जसवन्त सिंह लगातार फरार चल रहा था, जिसके खिलाफ कोर्ट से एनबीडब्ल्यू (गैर-जमानती वारंट) और धारा 82 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई की अनुमति ली थी।

वह शातिर दिमाग का अपराधी है। अभियुक्त जसवन्त सिंह का आपराधिक इतिहास बेहद लंबा है। उसके खिलाफ न केवल उत्तराखंड में बल्कि अन्य प्रांतों में भी कई गंभीर मामले दर्ज हैं। हरियाणा में 8 मुकदमे दर्ज है।

# फाइनल में रूद्रपुर टीम ने खटोला को हरा चैंपियन ट्राफी पर कब्जा किया

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

ग्राम सभा खटोला के ग्राम मोतीपुर नंबर 1 में आयोजित मां भगवती क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन फर्स्ट का फाईनल में रूद्रपुर की टीम ने खटोला को हराकर चैंपियन ट्राफी पर कब्जा कर लिया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित कर टूर्नामेंट का समापन किया। भगवती क्रिकेट टूर्नामेंट का फाईनल मुकाबला रुद्रपुर और खटोला के मध्य खेला गया। रुद्रपुर टीम ने पहले खेलते हुए 15 ओवर में 114 रन का लक्ष्य खटोला की टीम को दिया। कांटे की टक्कर में खटोला की टीम 15 ओवर में 7



विकेट पर 113 रन बना पाई। रूद्रपुर टीम ने एक रन से मैच जीतकर फाईनल ट्राफी पर कब्जा कर लिया। इससे पूर्व फाईनल मैच का उद्घाटन पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त करके किया। मुख्य अतिथि ठुकराल ने समापन में विजय टीम और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर तेज सिंह और उनकी पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल जीवन के लिए जरूरी है। खेलों से न सिर्फ शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि खेल मानसिक तनाव को भी दूर करते हैं। खेलों से टीम भावना का विकास होता है और खेलों से जीवन में आगे बढ़ने का जज्बा मिलता है।

उन्होंने कहा कि छोटी छोटी प्रतियोगिताओं से खेल प्रतिभाएं निखरती हैं और आगे चलकर बड़ी प्रतियोगिताओं में नाम रोशन करती है। इस अवसर पर आयोजकों ने पूर्व विधायक को स्मृति चिन्ह देकर सममनित किया। इस अवसर पर पूर्व डायरेक्टर किसान सेवा सहकारी समिति दिनेशपुर हरि सिंह, त्रिनाथ विश्वास,देव सिंह, चंदन नयाल, तेज सिंह, प्रमोद, कुलदीप आदि मौजूद रहे।